# प्रेस विज्ञप्ति

**नई वैश्विक एस्थेटिक्स रिपोर्ट: पलकों की सर्जरी शीर्ष रैंक पर पहुंची, पूरे विश्व में चेहरे की सर्जरी की ओर झुकाव बढ़ा**

***वर्ष 2024 में सौंदर्य संबंधी प्रक्रियाएं 3 करोड़ 80 लाख (38 मिलियन) के करीब पहुंची।***
***वर्ष 2020 से कुल सर्जिकल एवं गैर-सर्जिकल प्रक्रियाओं में 40% की वृद्धि हुई।***

**माउंट रॉयल, एन.जे., 19 जून, 2025/पीआरन्यूज़वायर/** -- इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ एस्थेटिक प्लास्टिक सर्जरी (आईएसएपीएस) ने सिंगापुर में आईएसएपीएस ओलंपियाड वर्ल्ड कांग्रेस में आज सौंदर्य/कॉस्मेटिक प्रक्रियाओं पर अपने वार्षिक वैश्विक सर्वेक्षण के परिणाम जारी किए, जिसमें प्लास्टिक सर्जनों द्वारा 17.4 मिलियन से अधिक सर्जिकल प्रक्रियाएं तथा 20.5 गैर-सर्जिकल प्रक्रियाएं की गईं। पिछले चार वर्षों में, इसमें कुल वृद्धि 42.5% है।

**सौंदर्य संबंधी प्रक्रियाएं**

वर्ष 2024 में पहली बार पलकों की सर्जरी सबसे आम शल्य प्रक्रिया रही, जिसने लिपोसक्शन का स्थान ले लिया, इसके बाद लिपोसक्शन, स्तन वृद्धि, स्कार रिविजन और राइनोप्लास्टी रहे। सबसे लोकप्रिय गैर-सर्जिकल प्रक्रियाएं बोटुलिनम टॉक्सिन, हाइलूरोनिक एसिड (फिलर), लेज़र हेयर रिमूवल, गैर-सर्जिकल स्किन टाइटनिंग एवं केमिकल पील्स थे।

चेहरे और सिर की अधिकांश प्रक्रियाओं में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि देखी गई, जिसमें 7.4 मिलियन से अधिक प्रक्रियाएं की गईं एवं 4.3% की वृद्धि हुई। शीर्ष पर पलकों से संबंधित सर्जरी प्रक्रियाएं थीं जिसमें 2.1 मिलियन से अधिक प्रक्रियाएँ की गईं एवं 13.4% की वृद्धि हुई, राइनोप्लास्टी की 1 मिलियन प्रक्रियाएं की गईं एवं 10% की कमी हुई, तथा फेट ग्राफ्टिंग - चेहरा संबंधी 0.9 मिलियन प्रक्रियाएँ की गईं एवं 19.2% की वृद्धि हुई। स्तन संबंधी 3.9 मिलियन प्रक्रियाएं की गईं (- 14.1%) और 6 मिलियन शरीर एवं हाथ-पैर संबंधी प्रक्रियाएं (-14.8%) की गईं।

लिपोसक्शन अभी भी महिलाओं के लिए सबसे आम शल्य प्रक्रिया रही, उसके बाद आइलिड सर्जरी एवं स्तन वृद्धि थी। आइलिड सर्जरी फिर से पुरुषों के बीच सबसे लोकप्रिय शल्य प्रक्रिया रही, उसके बाद गाइनेकोमास्टिया और स्कार रिविज़न सर्जरी रहीं।

स्तन वृद्धि (कुल शल्य प्रक्रियाओं का 54%), राइनोप्लास्टी (60.1%), और बाहरी जननांग सर्जरी (48.4%) अधिकांशतः 18-34 वर्ष की आयु के लोगों पर की गईं, जबकि बोटुलिनम टॉक्सिन इंजेक्शन 35-50 वर्ष की आयु के लोगों में सबसे लोकप्रिय थे (कुल शल्य प्रक्रियाओं का 47.0%)। लिपोसक्शन एवं गैर-सर्जिकल फैट रिमूवल दोनों आयु समूहों में लगभग एक समान की गई।

बोटुलिनम टॉक्सिन पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए तथा सभी आयु समूहों में सबसे आम गैर-सर्जिकल प्रक्रिया बनी रही, दुनिया भर में प्लास्टिक सर्जनों द्वारा 7.8 मिलियन प्रक्रियाएं की गईं। दूसरे स्थान पर, हायलूरोनिक एसिड (फिलर) प्रक्रियाएं 5.2% बढ़कर 6.3 मिलियन हो गईं।

वैश्विक परिणामों पर टिप्पणी करते हुए, आईएसएपीएस वैश्विक सर्वेक्षण समिति के अध्यक्ष एवं नॉर्वे में प्लास्टिक सर्जन डॉ. अमीन कलाजी ने कहा, "हमने एस्थेटिक्स में उभरते रुझानों को कवर करने के लिए सर्वेक्षण में नए प्रश्न एवं हमारे विश्लेषण में आयाम जोड़े हैं। हमारी रिपोर्ट में अब 'मॉमी मेकओवर' एवं अन्य संयुक्त प्रक्रियाओं, स्कार रिविज़न, फैट ग्राफ्टिंग के साथ हैंड रिजुविनेशन, बकल फैट रिमूवल, इनवर्टेड निप्पल सुधार, डिंपल बनाना तथा अन्य बाहरी जननांग सर्जरी संबंधी आंकड़े शामिल है।"

**भौगोलिक विश्लेषण**

एक बार फिर, अमेरिका में 6.1 मिलियन से अधिक प्रक्रियाओं सहित सबसे अधिक प्रक्रियाएं की गईं, उसके बाद ब्राजील ने 3.1 मिलियन (जो 2.3 मिलियन के साथ सर्जिकल प्रक्रियाओं में पहले स्थान पर है) और जापान का स्थान है।
सर्जिकल प्रक्रियाएं मुख्य रूप से अस्पतालों (दुनिया भर में 52.6%) अथवा कार्यालय सुविधाओं (29.9%) में की जाती हैं। ट्यूनीशिया, यूएई, कोलंबिया और तुर्की में औसतन सबसे अधिक विदेशी रोगी आते हैं।

आईएसएपीएस संचार समिति के अध्यक्ष एवं यू.के. में प्लास्टिक सर्जन डॉ. नवीन कैवले ने कहा, "हालांकि यह वैकल्पिक है, लेकिन एस्थेटिक कॉस्मेटिक सर्जरी वास्तव में वो सर्जरी है जिसमें जोखिम और संभावित दुष्प्रभाव शामिल हैं। सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, और हम रोगियों को बोर्ड-प्रमाणित, विशेषज्ञ प्लास्टिक सर्जन चुनने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, जो इस प्रक्रिया में प्रशिक्षित एवं अनुभवी हों।"

**नवाचार, अनुसंधान एवं रोगी सुरक्षा**

इस सप्ताह सिंगापुर में 90 देशों से 1,400 से अधिक उपस्थित लोगों ने एस्थेटिक प्लास्टिक सर्जरी में नवीनतम वैज्ञानिक अनुसंधान, नवाचारों एवं रोगी सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा की। स्तन प्रतिरोपण, पलकों की सर्जरी, लिपोसक्शन और राइनोप्लास्टी आदि प्रक्रियाओं पर कांग्रेस में सबसे अधिक चर्चा की गई, जो एशियाई एस्थेटिक्स पर केंद्रित थी। सिंगापुर आईएसएपीएस के राष्ट्रीय सचिव डॉ. मैथ्यू येओ के अनुसार, "सिंगापुर आईएसएपीएस ओलंपियाड वर्ल्ड कांग्रेस 2025 की मेजबानी करके बहुत ही हर्षित है। यह दुनिया की सबसे बड़ी एस्थेटिक सर्जरी बैठक है, और हम 90 देशों के 1,400 से अधिक प्लास्टिक सर्जनों का स्वागत करते हैं। सबसे बड़ी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के केंद्र के रूप में, एशिया एस्थेटिक प्रक्रियाओं के लिए विकास का केंद्र है, और यह समय की मांग है कि हम एशियाई-केंद्रित शरीर रचना एवं सर्जरी पर ध्यान केंद्रित करें। सिंगापुर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक ख्याति प्राप्त मेडिकल हब है और एक महानगरीय शहर-राज्य है, और हम इस आयोजन के लिए दुनिया भर के प्लास्टिक सर्जनों का स्वागत करने के लिए पूर्णतः तैयार हैं।"

**आईएसएपीएस के विषय में** - इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ़ एस्थेटिक प्लास्टिक सर्जरी (आईएसएपीएस) बोर्ड-प्रमाणित एस्थेटिक प्लास्टिक सर्जनों के लिए दुनिया की अग्रणी पेशेवर संस्था है, जिसका मिशन रोगियों की सुरक्षा के लिए एस्थेटिक एजुकेशन वर्ल्डवाइड® को प्रेरित एवं पोषित करना है। वर्ष 1970 में स्थापित,

आईएसएपीएस दुनिया भर में एस्थेटिक प्लास्टिक सर्जरी संबंधी ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए एक खुला मंच प्रदान करता है। सोसाइटी अपने सदस्यों को अद्यतन प्रशिक्षण और क्रमिक शिक्षा तथा प्रायोजक प्रदान करती है और पूरे विश्व में नियमित रुप से वैज्ञानिक बैठकों के लिए अनुमति प्रदान करती है। आज, आईएसएपीएस की सदस्यता में 117 से अधिक देशों से विश्व के अत्यधिक सम्मानित एस्थेटिक और रिकन्स्ट्रक्टिव सर्जन शामिल हैं। आईएसएपीएस एकमात्र ऐसा संगठन है जो वार्षिक रुप से इस प्रकार के वैश्विक आंकड़ें एकत्र करता है।

सर्वेक्षण के विस्तारित परिणामों की प्रति के लिए, कृपया www.isaps.org/discover/media-centre/ पर जाएं।

रोगी संबंधी दिशा-निर्देशो के लिए कृपया www.isaps.org/discover/patients-home/ पर जाएं।

मीडिया संबंधी जानकारी के लिए, कृपया media@isaps.org पर संपर्क करें।